प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः—प्राशिप/परिषद/2023/3234 **लखनऊःदिनांक—** 07/08/2023

विषयः—आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 09 अगस्त 2023 को पंच—प्रण की शपथ के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 4—1099/613/2023—1 3459/चार—2023 दिनांक 05 अगस्त 2023 एवं तत्कम में निदेशक, प्राविधिक शिक्षा के पत्र पृष्ठांकन संख्या 15489—15676/ई—प्रशा0सरकुलर दिनांक 05—08—2023 (संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अंतर्गत ''मेरी माटी, मेरा देश'' एवं ''हर घर तिरंगा अभियान'' का संपूर्ण देश में उत्सवी ढ़ंग से आयोजन किया जाना है एवं ''मेरी माटी, मेरा देश'' अभियान हेतु शासनादेश दिनांक 31 जुलाई 2023 द्वारा विस्तृत दिशा—निर्देश जारी किये जा चुके हैं।

इसी कम में दिनांक 09 अगस्त 2023 को समस्त ग्राम/गांम पंचायतों/नगर निकायों/ब्लॉक छावनी परिषदों/सरकारी कार्यालयों/विद्यालयों/महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों/निगमों/औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों/विद्यार्थियों/स्थानीय जनप्रतिनिधियों आदि को पंच—प्रण की शपथ दिलाई जानी है।

शासन द्वारा दिये गये उपरोक्त आदेश के अनुक्रम में निर्देशित किया जाता है कि है कि इस अवसर पर संस्थान के समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र/छात्राएं प्रस्तर में अंकित सभी वर्ण से पंच—प्रण की शपथ लेते हुए भारत सरकार की वेबसाइट merimaatimeradesh.gov.in पर सेल्फी (सामूहिक/एकल) अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0— प्राशिप/परिषद/2023/3235-39 **तद्दिनांक—** 07/8/2023

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ/प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग—3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर को निदेशालय के पत्र पृ0 संख्या 15489—15676/ई—प्रशा0सरकुलर दिनांक 05—08—2023 के अनुकम में।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, पूर्वी क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र।
5. स्थापना अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

L:\meri mati mera desh.docx